श्री गिरिराज सिंह राठौड

प्रबंधक (मा.सं)

श्री गिरीराज सिंह राठौड़ ने दि.13.11.2023 से मुंबई पत्तन प्राधिकरण के प्रबंधक (मा.सं.) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

श्री जी.एस. राठौड़ के पास - (i) विज्ञान में स्नातक की डिग्री, (ii) कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर की डिग्री, (iii) कानून में ऑनर्स की डिग्री, (iv)शिपिंग में एसोसिएटशिप, (v) आईएमओ के वर्ल्ड मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, स्वीडन से पोर्ट प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ समुद्री मामलों में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री, (vi) परीक्षा द्वारा, एमआईसीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड शिपब्रोकर्स के सदस्य), यूनाइटेड किंगडम और (vii) बीआईएमसीओ (बाल्टिक इंटरनेशनल मैरीटाइम काउंसिल), डेनमार्क से शिपिंग में सर्टिफिकेट है।

श्री राठौड़ को वर्ष 2013 में 'आधुनिक पत्तन प्रबंधन में डिप्लोमा' कार्यक्रम के लिए नामांकित, मालदीव पोर्ट्स लिमिटेड के छात्रों को व्याख्यान देने के लिए मालदीव में विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया था। वर्ष 2019 में उन्हें 'एशिया और यूरोप के बीच उत्तर-दक्षिण और पश्चिम-दक्षिण परिवहन गलियारों के विकास में अज़रबैजान - भारत के सहयोग की भूमिका' पर शोध करने के लिए एक अतिथि शोध अध्येता (विजिटिंग रिसर्च फेलो) के रूप में अज़रबैजान में नामांकित किया गया था। श्री राठौड़ मुंबई विश्वविद्यालय के निर्मला निकेतन कॉलेज ऑफ सोशल वर्क में वैकल्पिक 'उद्योग और औद्योगिक श्रमिक' के लिएऔर नरोत्तम मोरारजी इंस्टीट्यूट ऑफ शिपिंग में, पोत परिवहन में पीजी डिप्लोमा/फेलोशिप के लिए दाखिल छात्रों के लिए 'पोत परिवहन और वाणिज्यिक कानून' के लिए विजिटिंग फैकल्टी रहे हैं।

प्रबंधक (मा.सं.) के पद का कार्यभार संभालने से पहले, श्री जी.एस.राठौड़ ने वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण में सचिव के रूप में कार्य किया । श्री जी.एस.राठौड़ के पास मानव संसाधन, प्रशासन, कानूनी, सतर्कता, अस्पताल प्रशासन और पत्तन सुधार में काम करने के अलावा समुद्री क्षेत्र में व्यापक अनुभव है।